
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# कोई भी गांव बैंक की सेवा से न रहे वंचितः सीएस

**बैठक**

## मुख्य सचिव ने की राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 71वीं बैठक

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 71 वीं बैठक एक स्थानीय होटल में आयोजित हुई।

मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि प्रायः देखने में आया है कि बैंकर्स समिति की बैठक तीन माह में होने के कारण विभाग तथा बैंकर्स में समय अंतराल को देखते हुए निर्णय लिया गया है कि लीड बैंक के साथ प्रत्येक माह में विभाग तथा बैंकर्स की समीक्षा बैठक की जाए। उन्होंने कहा के कारण उपलब्धि समन्वय नहीं हो पाता है, जिसको कि इन मासिक रिव्यू बैठकों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाती है तथा समस्याओं का समाधान भी किया जाता है। उन्होंने बैंकर्स से इन मासिक रिव्यू बैठकों में सम्पूर्ण जानकारी के साथ प्रतिभाग करने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि विगत मासिक बैठक में कतिपय




राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 71 वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव।

बैंकर्स की मासिक रिव्यू बैठक में अनुपस्थिति संकेत देती है कि वह इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, जो अनुचित हैं। उन्होंने बैंकर्स द्वारा निरस्त किये जाने वाले ऋण आवेदनों पर निरस्तीकरण का कारण स्पष्ट उल्लेख करने के निर्देश दिए ताकि मासिक बैठकों में बैंकर्स या विभागीय स्तर से हुई कमी को ऐसे आवेदनों को ठीक कराया जा सके। उन्होंने सभी बैंकों से प्राप्त ऋण आवेदनों को बैंकेबिल बनाने में सहयोग देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के डिजिटल भुगतान योजना में बैंकर्स बढ़—चढ़कर प्रतिभाग करें ताकि कोई भी गांव बैंक की सेवा से वंचित न रहे।

उन्होंने कहा कि जिला प्रबंधक अल्मोड़ा को Designated Lead Convener के मॉडल के रूप में नामित किया गया हैं। उन्होंने अल्मोड़ा जनपद के सभी स्टेक होल्डर्स, बैंकर्स, सरकारी विभागों से इसे साकार करने के लिए बढ़—चढ़कर योगदान देने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद अल्मोड़ा में संचालित योजनाओं को शत—प्रतिशत डिजिटलाइज्ड करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना की प्रगति को क्रास चेक कराने के भी निर्देश दिए ताकि वास्तविक प्रगति धरातल में दिखाई दे। उन्होंने कम ऋण—जमा अनुपात वाले जनपदों के बैंकर्स को अपने क्षेत्रान्तर्गत कृषि तथा सेवा क्षेत्र में अधिक से अधिक ऋण देकर ऋण—जमा अनुपात बढ़ाने की अपेक्षा की।

सचिव वित्त अमित सिंह नेगी द्वारा समस्त विभागाध्यक्षों से प्रेषित ऋण आवेदनों को ऑनलाईन पोर्टल पर एंट्री सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए, ताकि हर स्तर पर आवेदन पत्रों की प्रगति पर निगरानी संभव हो सके। उन्होंने उद्योग निदेशक को नए क्लस्टर शीघ्र चिन्ह्ति कर सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में सचिव वित्त अमित सिंह नेगी, अपर सचिव पर्यटन सोनिका, अपर सचिव ऊर्जा आलोक शेखर तिवारी, निदेशक उद्योग सुधीर नौटियाल, निबन्धक सहकारी समिति त्रिपाठी तथा संबंधित विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### श्राईन बोर्ड के पुरजोर विरोध में हैं पुरोहित समाज

**संवाददाता** टिहरी। त्रिवेंद्र सरकार के प्रस्तावित चारधाम श्राइन बोर्ड विधेयक को तीर्थपुरोहित समाज धार्मिक क्षेत्र में सरकारी हस्तक्षेप मान रहा है। तीर्थ पुरोहितों के अनुसार नारायणदत्त तिवारी सरकार ने भी इस तरह का विधेयक लाने का प्रयास किया गया था। जिसे चारधाम तीर्थ पुरोहित समाज के कड़े विरोध के चलते विधानसभा पटल तक नहीं लाया जा सका था। श्राइन बोर्ड के अधीन प्रमुख तीर्थस्थलों को लाये जाने से इससे जुड़े हजारों परिवारों की रोजी—रोटी से बेदखल होने की आशंका जतायी जा रही है। तीर्थपुरोहितों का एक वर्ग इसे जनविरोधी भी बता रहा है। उनके अनुसार हिन्दू धर्म की मान्यता अनुसार उन्हें पुरातन समय से जो हक हकूक मिले हैं।

### डीएम की जनता से अपील, शराब संचालकों की करें शिकायत

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। रुद्रप्रयाग जिले में शराब विक्रेताओं की पौबारह मची हुई है। महंगे दामों पर शराब बेची जा रही है। जिला मुख्यालय सहित अन्य इलाकों में शराब संचालक खुलेआम अपनी मनमर्जी का रेट ग्राहकों से ले रहे हैं। शिकायत करने पर ग्राहकों के साथ गाली—गलौच और मारपीट तक की जा रही है। ऐसे में क्षेत्र की जनता में प्रशासन और आबकारी विभाग के खिलाफ आक्रोश बना हुआ है। जिले के खांखरा, खेड़ाखाल, रुद्रप्रयाग, सतेराखाल, तिलवाड़ा, मयाली, अगस्त्यमुनि, काकड़ागाड़ एवं बसुकेदार में शराब की दुकाने संचालित हो रही है।

### राजस्व अफसर रहें नए कानूनों से अपडेट

**संवाददाता** पौड़ी। राजस्व क्षेत्रों में घटित अपराधों की विवेचनाओं में किसी तरह की त्रुटि न रहे इसके लिए राजस्व पुलिस अफसरों का पौड़ी में प्रशिक्षण शुरू हो गया। प्रशिक्षण का मकसद कानूनों में हुए संशोधनों के साथ ही नए बने कानूनों की पूरी जानकारी देना है। ताकि विवेचना के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रिया में किसी तरह की कमी न रह जाए। प्रशिक्षण चरणवार दिया जाएगा। इस ट्रेनिंग में जिले की सभी 13 तहसीलों के नायब तहसीलदार से राजस्व उपनिरीक्षक तक के अधिकारी शामिल हैं। डीएम पौड़ी धीराज सिंह गर्ब्याल के निर्देशों के तहत भू लेख अनुभाग ने छह चरणों में ट्रेनिंग का आयोजन किया है। शुक्रवार को पहले चरण का प्रशिक्षण पौड़ी प्रेक्षागृह में शुरू की गई। साथ ही इस दौरान होने वाली कमियों को दूर कैसे किया जाए इसके बाबत भी अधिवक्ताओं ने विस्तार से बताया। बताया गया कि जिन भी कानूनों में संशोधन हो गया है या फिर नए कानून बने है उसकी पूरी जानकारी विवेचक को होनी जरूरी है।



सीडीओ अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

## अधिक से अधिक लोगों को श्रमयोगी मानधन एवं लघु व्यापारी-एनपीएस योजना से जोड़े

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी जी.एस रावत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना एवं लघु व्यापारी—एनपीएस योजना के समुचित क्रियान्वयन के सम्बन्ध में सम्बन्धित रेखीय विभागों के साथ बैठक आयोजित की गयी।

मुख्य विकास अधिकारी ने फैसिलेटर श्रम विभाग तथा ग्राम्य विकास, पंचायत आईसीडीएस, कृषि, समाज कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य, नगर निकाय, उद्योग, दुग्ध एवं पशुपालन आदि विभागीय अधिकारियों को प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना एवं लघु व्यापारी—एनपीएस योजना के अन्तर्गत अपने विभागीय स्तर पर कार्यरत् कार्मिकों अथवा योजना लाभार्थियों के अधिक से अधिक पंजीकरण कराते हुए योजना का लाभ दिलवायें और इस सम्बन्ध में व्यापक तौर पर प्रचार—प्रसार करने के निर्देश दिये। उन्होंने श्रम विभाग को सभी लाइन डिपार्टमेन्ट को इस सम्बन्ध में पत्राचार करते हुए सेन्सेटाइज करने को कहा साथ ही व्यापक प्रचार—प्रसार से अधिक लोगों को इस योजना से जोड़ने की बात कही।

## हजारों साईकिलें बाँटी गयी फर्जी तरीके से कागजों में

### श्रम मन्त्री की सरपरस्ती में खरीदी गयी करोड़ों की घटिया साइकिलें: मोर्चा

**संवाददाता**

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि श्रम विभाग के उत्तराखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड ने टेलीकम्यूनिकेशन कन्सलटेंट्स इण्डिया लि0 से 29 मार्च को 19825 साईकिलें 6,77,73,270 रू0 में खरीदी। यह सभी साईकिलें कर्मकारों को बॉटने के उद्देश्य से खरीदी गयी थी। उक्त खरीदी गयी एक साईकिल की कीमत 3418८ रू0 प्रति साईकिल है। नेगी ने हैरानी जतायी कि जो साईकिलें खरीदी गयी थी, अधिकारियों ने मोटी कमीशन हड़प कर घटिया किस्म की साईकिलें खरीदी, जिसका नतीजा ये हुआ कि कर्मकारों व मजदूरों ने आधे औने—पौने दामों में वही साईकिलें दुकानदारों को बेच दी।

मोर्चा कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए नेगी ने कहा कि महत्वपूर्ण पहलू यह है कि हजारों साईकिलें कागजों में हेराफेरी कर फर्जी तरीके से बॅटवाने का भी खेल खेला गया है तथा इसी प्रकार हजारों सिलाई मशीन, सोलर, उपकरणों में भी यही खेल खेला गया। महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि एटलस जैसी मजबूत साईकिल 3700/— रू0 तक खुदरा मूल्य में मिल रही है अगर यही साईकिलें थोक में खरीदी जायें तो 2800—3000 रू0 तक उपलब्ध हो सकती हैं। वहीं दूसरी ओर ऐसी घटिया साईकिल 3418/—रू0 में खरीदी गयी, अगर यही घटिया साईकिलें कोई संस्था थोक में खरीदती तो 2200—2400 रू0 में आसानी से उपलब्ध हो जाती।



पत्रकार वार्ता के दौरान रघुनाथ सिंह नेगी।

नेगी ने कहा कि इस गरीब प्रदेश में मन्त्री एवं अधिकारियों की मिलीभगत से प्रदेश को कर्ज में डुबोकर कमीशन खोरी का खेल खेला जा रहा है।मोर्चा सरकार से उक्त साईकिल व अन्य सामान की खरीद—वितरण की उच्च स्तरीय जाँच की माँग करता है। पत्रकार वार्ता में मोर्चा महासचिव आकाश पंवार, विजयराम शर्मा, ओपी राणा, भीम सिंह बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

## उत्तरकाशी में बोलेरो वाहन खाई गिरा, तीन लोगों की मौत, सात घायल

**संवाददाता** उत्तरकाशी। उत्तरकाशी जिले के भटवाड़ी—गोरशाली मोटर मार्ग पर पाही गांव के समीप बरात में शामिल एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। घायलों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार दुर्घटना बीती देर रात की है। बारात में शामिल कुछ लोग बोलेरो वाहन से गौरशाली गांव जा रहे थे। इस दौरान भटवाड़ी घनसाली मोटर मार्ग पर पाई गांव के पास बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर 100 मीटर खाई में गिर गया। हादसे में वाहन में सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हुई, जबकि दो व्यक्तियों की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई।

घटना की सूचना पर गंगोत्री विधायक गोपाल रावत, जिलाधिकारी डॉक्टर आशीष चौहान सहित जिले के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों और मनेरी पुलिस टीम ने रेस्क्यू कर घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मृतकों में चालक महेंद्र पाल (35 वर्ष) निवासी लाटा अतर सिंह (50 वर्ष) निवासी गौरशाली गांव और अनूप रावत (35 वर्ष) निवासी लाटा शामिल हैं।